कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–माध्य / संस्था / गोप्र / डी– । ।–एफ / अचलसम्पति / 2020/५०३   दिनांकः 03/01/2020

(स्मरण पत्र)

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा माध्यमिक

विषयः– माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों का उनकी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का आज दिनांक तक अपलोड की गई सूचना का विवरण देने बाबत्।

प्रसंगः– कार्मिक विभाग का परिपत्र– कमांक प.13(76)कार्मिक / क–1 / गो.प्र. / 2011 जयपुर दिनांक 31.12.2018 एवं मा.शि.नि. के पत्रांक क्रमांकः–शिविरा–माध्य / संस्था / गोप्र / डी– । ।–एफ / अचलसम्पति / 2019 दिनांक 06.12.19 के कम में।

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गो के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2020 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। अत्यन्त खेद का विषय है कि आज दिनांक तक प्राप्त होने वाली सूचना नगण्य है। जिन कार्मिकों का अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2020 तक अनिवार्य रूप से अपलोड नहीं किया गया तो उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि तथा पदोन्नति रोक दी जायेगी।

आपको स्मरण पत्र देकर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधिनस्थ कार्यालयों से सूचना प्राप्त कर समेकित सूचना निम्नलिखित ई–मेल **desacrsec@gmail. com** पर अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन भेजना सुनिश्चित करें। विलम्ब की स्थिति में समस्त उतरदायित्व आपका व्यक्तिगत रूप से होगा । अन्य निर्देश मूल पत्रानुसार यथावत रहेंगे।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकःशिविरा–माध्य / संस्था / गो.प्र. / डी– । ।–एफ / अचल सम्पति / 2019   दिनांकः 3-1-2020

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव,शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप–2 जयपुर ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।.
5. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग, को पत्र प्रेषित कर लेख है कि शाला दर्पण वेबसाईट पर पत्र अपलोड कर समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक को सूचित करें।
6. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर